# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026


# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 2026: जयपुर मे शंहीदों को श्रद्धांजलि, पुलिसकर्मियों का हुआ सम्मान

राजेश चौधरी

Published on 16 Apr 2026




**राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़**

राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के गौरवमयी अवसर पर आज जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में परेड की सलामी ली गई तथा उत्कृष्ट सेवा के लिए समर्पित पुलिस अधिकारियों व जवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल के अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन भी देखने को मिला।

साथ ही, सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'राजकॉप ऐप' व पोर्टल में विशेष फीचर का शुभारंभ भी किया गया, जिससे पुलिस कर्मियों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की शांति और सुरक्षा के सजग प्रहरियों पर हमें गर्व है।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.